Chapter- 6

अग्नि की उड़ान

STUDY NOTES

विषय सारांश:

- भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए. पी. जे. अब्दुल कलाम का जन्म मद्रास राज्य (अब तमिलनाडु) के रामेश्वरम् कस्बे में हुआ था।
- उनके पिता का नाम जैनुलाब्दीन था।
- माँ का नाम आशियम्मा था।
- उनके पिता शिक्षित तो नहीं थे परंतु उदार एवं बुद्धिमान थे।
- कलाम को अपने पिता से विरासत में ईमानदारी और आत्मानुशासन तथा माँ से ईश्वर विश्वास और करुणा भाव मिला था।
- उनका घर रामेश्वरम के मसजिद वाली गली में था।
- उनका घर सभी आवश्यक चीजों से भरा था परंतु अनावश्यक तथा ऐशो-आराम की चीजें नहीं थी।
- उनके पिता के एक हिंदु मित्र थे जिनका नाम था लक्ष्मण शास्त्री।
- लक्ष्मण शात्री रामेश्वरम मंदिर के प्रमुख पूजारी थे।
- अलग-अलग धर्म के होने के बावजूद दोनों में काफ़ी गहरी मित्रता थी और मिलकर आध्यात्मिक चर्चाएँ करते थे।
- कलाम के पिता लकड़ी की नौकाएँ बनाते थे।
- एक दिन कलाम ने समुद्री तूफान से हुई भयावह तबाही को आँखों देखा।
- उन्हे समुद्र की अपार एवं अनियंत्रित ऊर्जा ने आश्चर्यचकित कर दिया।
- उनके पिता उन्हे कलक्टर बनाना चाहते थे।
- रामेश्वरम में पढ़ाई समाप्त करने के बाद कलाम जिला मुख्यालय रामनाथपुरम पढ़ाई के लिए गए।

अभ्यास के लिए

१. **मौखिक –**

शिक्षा	बुद्धिमान	उपलब्ध	भौतिक
वेशभूषा	तीर्थयात्री	समुद्र	ईमानदारी
स्वादिष्ट	फ़र्ज		

२. **कम से कम शब्दों मे उत्तर दीजिए –**

क) अब्दुल कलाम जी का जन्म कहाँ हुआ था ?

उ- अब्दुल कलाम का जन्म मद्रास राज्य (वर्तमान का तमिलनाडु) के रामेश्वरम् कस्बे में हुआ था।

ख) उनका पुश्तैनी घर कैसा था ?

उ- उनका पुस्तैनी घर चूने-पत्थर व ईट से बना पक्का और बड़ा था।

ग) रामेश्वरम मंदिर के सबसे बड़े पुजारी का नाम क्या था ?

उ - रामेश्वरम मंदिर के सबसे बड़े पुजारी का नाम लक्ष्मण शास्त्री था।

घ) नौकाएँ तीर्थयात्रियों को कहाँ से कहाँ ले जाती थीं ?

उ - नौकाएँ तीर्थयात्रियों को रामेश्वरम से धनुषकोड़ि तक ले जाती थी।

ङ) पायबान पुल किस कारण टूट गया ?

उ - समुद्र में आए तूफान के कारण पायबान पुल टूट गया।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

लिखित

१. रिक्त स्थान भरिए –

(शताब्दी, जीवनसंगिनी, सादेपन, औपचारिक, द्‌वितीय, कारोबार)

क) मेरे पिता जैनुलब्दीन की कोई बहु अच्छी औपचारिक शिक्षा नहीं हुई थी।

ख) मेरी माँ आशियम्मा, उनकी आदर्श जीवनसंगिनी थी।

ग) यह घर उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य में बना था।

घ) मैं कहूँगा कि मेरा बचपन बहुत ही निश्चिंतता और सादेपन में बीता।

ङ) पिता जी का कारोबार काफ़ी अच्छा चल रहा है।

च) द्‌वितीय विश्व युद्ध खत्म हो चुका था

२. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

क) अब्दुल कलाम के माता-पिता का नाम लिखिए।

उ - अब्दुल कलाम के माता-पिता का नाम आशियम्मा और जैनुलाब्दीन था।

ख) लेखक की माँ खाना कैसे परोसती थी ?

उ - लेखक की माँ केले का पत्ता बिछाती और उस पर सुगंधित स्वादिष्ट साँभर देटी साथ में घर का बना अचार और नारियल की ताजा चटनी भी होती।

ग) लेखक को दो लोगों के बारे में सबसे अच्छी तरह क्या याद है ?

उ - लेखक को दोनों लोगों के बारे में सबसे अच्छी तरह याद है कि दोनों अपनी पांरपरिक वेशभूषा में होते थे और आध्यात्मिक मामलों पर चर्चाएँ करते रहते थे।

घ) पिता जी का कारोबार अच्छा चल रहा था। ऐसा क्या हुआ जिसने लेखक को हतप्रभ करदिया ?

उ - एक दिन समुद्र में तूफान आया जिसमें कुछ लोग और लेखक के पिता की नावें बह गई। उसी में पायबान पुल भी टूट गया और यात्रियों से भरी ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। समुद्र की अपार एवं अनियंत्रित ऊर्जा ने लेखक को हतप्रभ कर दिया।

ङ) गांधीजी ने क्या ऐलान किया ?

उ - गांधी जी ने यह ऐलान किया कि 'भारतीय स्वयं अपने भारत का निर्माण करेंगे।'

३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए।

क) पाठ के आधार पर अब्दुल कलाम जी के माता-पिता के बारे में लिखिए।

उ - अब्दुल कलाम जी के पिता का नाम जैनुलाब्दीन और माता का नाम अशियम्मा था। उनके पिता की औपचारिक शिक्षा नहीं हुई थी और न ही वे बहुत धनी थे। परंतु वे बुद्धिमान, ईमानदार एवं उदार थे। वे सभी ऐशो-आराम वाली चीजों से दूर रहते थे। माँ धार्मिक व दयालु महिला थी। माता-पिता दोनों ही लंबे-चौडे व सुंदर थे।

ख) दवितीय विश्वयुद्ध खत्म होने के बाद लेखक ने क्या निर्णय लिया और उनके पिता ने उन्हे कैसे प्रोत्साहित किया ?

उ - द्वितीय विश्वयुद्ध खत्म होने के बाद लेखक ने रामेश्वरम छोड़कर जिला मुख्यालय रामनाथपुरम जाकर पढ़ाई करने के लिए पिता से अनुमति माँगी। पिता ने उन्हे प्रोत्साहित करते हुए कहा कि तुम्हे अपनी लालसाएँ पूरी करने के लिए और आगे बढ़ने के लिए हर उस जगह जाना चाहिए जहाँ तुम्हारी जरूरतें पूरी हो सकती है। उनके पिता उन्हें कलक्टर बना देखना चाहते थे।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

भाषाज्ञान

१. **पढ़िए, समझिए और लिखिए**

नौका – नौकाएँ

माला – मालाएँ

सेना – सेनाएँ

कथा – कथाएँ

भाषा – भाषाएँ

लता – लताएँ

हवा – हवाएँ

दिशा – दिशाएँ

चर्चा - चर्चाएँ

२. **पढ़िए समझिए और लिखिए।**

वर्ग + ईय – वर्गीय

स्थान + ईय – स्थानीय

नगर + ईय – नागरीय

दर्शन + ईय – दर्शनीय

भारत + ईय – भारतीय

राष्ट्र + ईय – राष्ट्रीय

लेखक + ईय – लेखकीय

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

३. उदाहरण अनुसार निम्न शब्दों के संधि कीजिए।

मुख्य + आलय – मुख्यालय

हिम + आलय – हिमालय

सत्य + आग्रह – सत्याग्रह

परम + आत्मा – परमात्मा

पुस्तक + आलय – पुस्तकालय

परम + आनंद – परमानंद

धर्म + आत्मा – धर्मात्मा

४. समान लय वाले शब्द मिलाइए –

क)	कहानी	i)	यात्रा
ख)	गली	ii)	लडाई
ग)	मात्रा	iii)	कली
घ)	काम	iv)	सवार
ङ)	अपार	v)	नाम
च)	पढ़ाई	vi)	सुहानी

उ – (क - vi), (ख - iii), (ग - i), (घ - v), (ङ - iv) , (च - ii)

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow